Daily Current Affairs 18 May 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 15 मई को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस
• विश्व भर में प्रतिवर्ष 15 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस' (IDF) मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस, 2022 की थीम "परिवार और शहरीकरण" है, जिसका उद्देश्य हमारे परिवारों पर शहरीकरण के प्रभाव की चर्चा करना है।
• इस दिवस के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच पारिवारिक संबंधों के महत्त्व को उजागर करना है।

2. देश का 52वाँ और राजस्थान का चौथा टाइगर रिजर्व बना बूंदी का रामगढ़ अभयारण्य
• 16 मई, 2022 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजस्थान के रामगढ़ विषधारी अभयारण्य को देश का 52वाँ टाइगर रिज़र्व घोषित किया है।
• राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 38 के प्रावधान के अंतर्गत 5 जुलाई, 2021 को रामगढ़ विषधारी वन्यजीव अभयारण्य व निकटवर्ती क्षेत्रों को टाइगर रिज़र्व बनाए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई थी।

3. एलिजाबेथ बोर्न फ्रांस की दूसरी महिला प्रधानमंत्री बनीं
• 16 मई, 2022 को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने लेबर पार्टी की नेता एलिज़ाबेथ बोर्न को देश की नई प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। 30 साल में दूसरी बार किसी महिला को फ्रांस का प्रधानमंत्री बनाया गया है।
• फ्रांस के प्रधानमंत्री ज्यां कास्तेक्स ने पिछले महीने 16 मई को इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एलिज़ाबेथ बोर्न को देश की नई प्रधानमंत्री नियुक्त किया, जो तीन दशकों में यह पद संभालने वाली पहली महिला होंगी।

4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहला 5जी टेस्ट बेड की शुरूआत की
• 17 मई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) के रजत जयन्ती समारोह के अवसर पर पहला 5जी टेस्ट बैड का शुभारम्भ किया और कहा कि स्वदेश में निर्मित यह टेस्ट बैड दूरसंचार के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण कदम है।

5. वाराणसी कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद में जहाँ शिवलिंग मिला, उस क्षेत्र को सील किए जाने का दिया आदेश
• उत्तर प्रदेश की एक अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद केस (Gyanvapi Masjid Case) मामले में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के उस तालाब को सील करने का आदेश दिया है, जहाँ 'शिवलिंग' पाया गया है।

Daily Current Affairs 18 May 2022

• कई मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मस्जिद के भीतर शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है। हालांकि, इस दावे को मुस्लिम पक्ष ने पूरी तरह गलत बताया है। हालांकि बताया जा रहा है कि सर्वे रिपोर्ट तैयार होने में कुछ समय लग सकता है।

6. IMF ने SDR बास्केट में डॉलर और युआन का भारांक बढ़ाया
• हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने विशेष आहरण अधिकार (SDR) मुद्रा टोकरी में डॉलर और युआन के भारांक को बढ़ा दिया है। IMF ने वर्ष 2016 में चीनी मुद्रा के टोकरी में शामिल होने के बाद से SDR मूल्यांकन की अपनी पहली नियमित समीक्षा में युआन का भारांक 10.92% से बढ़ाकर 12.28% कर दिया है।

7. दक्षिण कोरिया ने चीन को हराकर जीता उबेर कप 2022
• दक्षिण कोरिया की बैडमिंटन की महिला टीम ने उबेर कप 2022 जीता है। दक्षिण कोरिया ने 15 बार के चैंपियंस चीन (डिफेंडिंग चैंपियन) को हराया है। इसका आयोजन 8 से 15 मई 2022 तक बैंकॉक, थाईलैंड में इम्पैक्ट एरिना में किया गया था। दक्षिण कोरिया ने 12 वर्षों के बाद इतिहास में केवल दूसरी बार कप जीता।

8. फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो की सदस्यता मांगी, रूस ने दी चेतावनी
• मई, 2022 में फिनलैंड और स्वीडन ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) में शामिल होने के लिये रुचि दिखाई है। यूक्रेन पर जारी रूसी हमले के बीच फिनलैंड की सरकार ने 15 मई को नाटो का सदस्य बनने की अपनी चाहत का खुलेआम घोषणा कर दिया।

9. मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस फोर्ब्स की 'ग्लोबल 2000' लिस्ट में भारत में टॉप पोजिशन पर
• फोर्ब्स की दुनिया भर की कंपनियों की नवीनतम 'ग्लोबल 2000' सूची में उद्योगपति मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) दो पायदान चढ़कर 53वें स्थान पर पहुंच गई है।
• फोर्ब्स ने 2022 के लिए शीर्ष 2,000 कंपनियों की रैंकिंग जारी करते हुए बताया कि इस सूची में दुनिया भर की सबसे बड़ी कंपनियां स्थान पाती हैं जिसके लिए उन्हें बिक्री, लाभ, परिसंपत्ति और बाजार मूल्यांकन जैसे मानकों पर परखा जाता है।

10. अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान ने जारी की वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट 2022
• 2 मई, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) ने वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट 2022 (Global Food Policy Report-GFPR) जारी की है, जिसमें दर्शाया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2030 तक भारत में भूख का जोखिम 23% तक बढ़ सकता है।
• वहीं जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में 2050 तक वैश्विक खाद्य उत्पादन 2010 के स्तर से लगभग 60% बढ़ जाएगा।